
# लंबे इंतजार के बाद आरडीए में नियुक्तियां, पोरवाल बने अध्यक्ष

- गोविंद काकानी और प्रवीण सोनी बने उपाध्यक्ष
- 5 सदस्य भी नियुक्त



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** लंबे समय से खाली पड़े रतलाम विकास प्राधिकरण (आरडीए) में आखिरकार नियुक्तियों का इंतजार खत्म हो गया है।

मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत वरिष्ठ नेता मनोहर पोरवाल को प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं गोविंद काकानी एवं प्रवीण सोनी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही पांच सदस्यों की नियुक्ति के बाद अब प्राधिकरण की नई टीम पूरी तरह से सक्रिय हो गई है।

नवनियुक्त सदस्यों में राजेन्द्र सिंह गोयल, राजेन्द्र मौर्य, धीरज व्यास, श्रीमती राखी व्यास और किरण महावर को शामिल किया गया है। इन नियुक्तियों के बाद शहर में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अध्यक्ष और सदस्यों के अभाव में कई महत्वपूर्ण योजनाएं अटकी हुई थीं, लेकिन अब नई टीम के गठन से निर्णय प्रक्रिया तेज होने की संभावना है।

भोपाल स्थित मंत्रालय से जारी आदेश के अनुसार ये नियुक्तियां 'मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973' की धारा-40 के तहत की गई हैं, जो कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेंगी।

नई टीम के गठन के बाद अब मास्टर प्लान, आवासीय योजनाएं, सड़क और बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर तेजी से फैसले लिए जा सकेंगे। नागरिकों को भी उम्मीद है कि इससे शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी और अधूरी योजनाएं जल्द पूरी होंगी।

# शादी से लौट रहे युवक की मोटर साइकिल पेड़ से टकराई, मौत

- घर नहीं लौटा तो परिजन को तलाश में मिला शव
- मोड़ पर बाइक का संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के बाजना थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक रात में घर नहीं लौटा तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। सुबह तलाश करने पर उसका शव सड़क किनारे एक मोड़ पर पेड़ के पास मिला।

मृतक की पहचान ईश्वर डोडियार निवासी भडानखुर्द के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही बाजना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। परिजन भी घटनास्थल पहुंचे और शव की शिनाख्त कर उसे बाजना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों के अनुसार ईश्वर मंगलवार को ग्राम देवली में आयोजित शादी (नोतरे) में शामिल होने गया था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर सुबह उसकी तलाश शुरू की गई, तभी हादसे की जानकारी सामने आई।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि ईश्वर सुबह करीब 5 बजे देवली से बाइक से निकला था। बाजना-कुशलगढ़ मार्ग के एक मोड़ पर बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह पेड़ और पत्थरों के बीच जा टकराया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ईश्वर की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी। वह खेती-किसानी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी अचानक मौत से परिवार में मातम छा गया है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। बाजना थाना प्रभारी मनीष डाबर के अनुसार प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण बाइक का संतुलन बिगड़ना सामने आया है, मामले की विस्तृत जांच जारी है।

**पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा**

पुलिस के अनुसार दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# भगवान नरसिंहजी के प्रकटोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** भगवान नरसिंह के दिव्य प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर 30 अप्रैल को भक्त प्रहलाद की रक्षा करने वाले एवं दुरात्मा हिरण्यकश्यप का संहार करने वाले भगवान नरसिंह की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य शोभायात्रा श्री गोपाल जी का बड़ा मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित, गौशाला रोड स्थित श्री नरसिंह मंदिर से प्रारंभ होकर तोपखाना चौराहा तक पहुंचेगी। वहां हिरण्यकश्यप के प्रतीक स्वरूप का वध कर भक्त प्रहलाद को आशीर्वाद प्रदान किया जाएगा। यह पारंपरिक आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 30 अप्रैल समय सायं 6 बजे (सूर्यास्त के समय) पर संपन्न होगा। श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति तथा श्री गोपाल जी का बड़ा मंदिर ट्रस्ट माणक चौक रतलाम द्वारा समस्त धर्मप्रेमी भक्तों से सादर अनुरोध है कि इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भगवान नरसिंह जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# एसडीएम ने किया गेहूं खरीदी केंद्र शिवगढ़ का निरीक्षण

**सैलाना।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। एसडीएम सैलाना तरूण जैन द्वारा उपार्जन केंद्र शिवगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर कुल 201 स्लॉट बुक किए गए थे, जिनमें से 142 किसानों से खरीदी की जा चुकी है। केंद्र पर एफएक्यू गुणवत्ता का गेहूं खरीदा जा रहा है। कुल खरीदी मात्रा 5071 क्विंटल दर्ज की गई है। एसडीएम द्वारा बोरों का वजन समक्ष में तुलवाकर सत्यापन किया गया। केंद्र पर पेयजल एवं छाया की व्यवस्था उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान 3 तौल कांटे संचालित अवस्था में मिले तथा 10 हम्माल कार्यरत पाए गए। सिंगल यूज बोरों की संख्या 4800 पाई गई।

## एक नजर में

### शहरी गरीबी उपशमन विभाग (सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ) समिति की बैठक

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार नगर निगम शहरी गरीबी उपशमन विभाग (सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ) की बैठक समिति प्रभारी रामूभाई डाबी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में अनुशंसा की गई कि वृद्धावस्था, दिव्यांग सहित अन्य पेंशन हितगाहियों का वार्षिक सत्यापन शीघ्र अतिशीघ्र करवाया जाये ताकि पेंशन धारक को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। आयोजित बैठक में समिति प्रभारी रामूभाई डाबी के अलावा समिति सदस्य रणजीत टांक, धर्मेन्द्र रांका, श्रीमती देवश्री पुरोहित, श्रीमती संगीता सोनी, श्रीमती आशा रावत, श्रीमती मीनाक्षी सेन समिति सचिव जितेन्द्र राठौर आदि उपस्थित थे।

### बुद्ध पूर्णिमा पर कल पशु वध करना, मांस- मटन बेचने पर रहेगा प्रतिबंध

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 1 मई शुक्रवार बुध पूर्णिमा पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौश्त विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त अनिल भाना ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवस को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

### सेवानिवृत्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी व्होरा का निधन



**सैलाना।** सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद व्होरा का 76 वर्ष की आयु में उनके रतलाम स्थित निवास पर निधन हो गया। जनजातीय विभाग में विभिन्न शिक्षकीय पदों पर 41 साल सतत् सेवाएं दे कर वे 2010 में सैलाना के विकासखंड अधिकारी पद से सेवानिवृत हुए। 77 वर्षीय व्होरा अपने पूरे सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा के लिए सैलाना क्षेत्र में प्रसिद्ध रहे। शासकीय कार्यों को वे कभी लम्बित नहीं रखते थे।उनके शिक्षकीय कार्यकाल के दौरान भी वे छात्रों के पसंदीदा शिक्षक रहे। 21 अप्रैल के पूर्व तक वे स्वस्थ थे। इस दिन अचानक उन्हें ब्रेनहेमरेज हुआ। परिजन उन्हें रतलाम हॉस्पिटल ले गए।तब से वे वहीं भर्ती थे। वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी अंतिमयात्रा रतलाम के शक्तिनगर स्थित उनके निवास से निकली। जवाहर नगर मुक्तिधाम में अंतिमसंस्कार हुआ।अंतिमयात्रा में सैलाना विकासखंड से सेवानिवृत हुए खंड शिक्षा अधिकारी डॉ मुरलीधर चांदनीवाला एवम् नरेन्द्र तिवारी, डॉ मुनीन्द्र दुबे, डॉ आनन्द जैन, मोहित मनसुखानी, जयंत हाडा, अनीश खान,इलियास खान, अजय बेस, विजय दुबे, डॉ राकेशराज शर्मा, पिंकी यादव, सहित बड़ी संख्या में शिक्षा जगत की और अन्य क्षेत्र की हस्तियों ने शिरकत की। वक्ताओं ने व्होरा को एक बेहतरीन इंसान और बेहतरीन अधिकारी बताया। मुखाग्नि पुत्र अंकित व्होरा ने दी।

### सैलाना में धारा 163 लागू, बिना अनुमति रैली, जुलूस और प्रदर्शन पर लगा प्रतिबंध

**रतलाम।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग सैलाना तरूण जैन के आदेशानुसार म.प्र भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जनसामान्य के स्वास्थ्य के हित एव लोक शांति को बनाये रखने हेतु अनुभाग सैलाना की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में स्थित न्यायालय, अनुविभागीय कार्यालय परिक्षेत्र, समस्त शासकीय कार्यालय एवं परिसरो, शासकीय चिकित्सालय, अन्य अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थान में कोई भी दल, संघ, संगठन अथवा समूह द्वारा धरना एवं प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। उक्त स्थानो पर बगैर पूर्व अनुमति के भीड़ जमावड़ा, ज्ञापन, प्रदर्शन, ध्वनि विस्तार यंत्रो के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक या सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रैली, जुलूस या धरना प्रदर्शन करने से 24 घंटे पूर्व वैधानिक अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उक्त आदेश 25 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगा।

### मनीष फरक्या एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक मनोनीत



**जावरा।** मनीष फरक्या स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक मनोनीत हुए है। आप ने वर्ष 2001 में अहमदाबाद सर्किल में कार्यारंभ किया था। वर्ष 2007 में उन्हें ट्रेनी ऑफिसर के पद पर पदोन्नति मिली थी। वर्ष 2012 से 2020 तक उन्होंने रतलाम-मंदसौर क्षेत्र में सेवाएँ दीं। वर्ष 2026 में आप सहायक महाप्रबंधक (असिस्टेंट जनरल मैनेजर) के पद पर पदोन्नत हुए हैं। आप रामपुरा -मंदसौर के निवासी है। रतलाम के युवाम परिवार के सदस्य हैं। मनीष फरक्या के सहायक महाप्रबंधक बनने पर रवि दुग्गड, भारतसिंह गोयल, धर्मेंद्र जोशी, राकेश चौहान , अमित शुक्ला, कल्पेश बैरागी, राजेश गरगमा, अभिषेक आदी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य कि कामना की।

# निरीक्षण में 49 सफाईकर्मी गैरहाजिर मिले, नोटिस जारी

- बिना सूचना अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर को अधिक स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने शहर के अलग-अलग वार्डों और प्रमुख स्थानों पर सफाई कार्य कराया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मुखर्जी नगर, विरियाखेड़ी, स्टेशन रोड, वार्ड क्रमांक 48 स्थित रूपवर्षा नाला, वार्ड 1 से 10 तक विशेष अभियान चलाकर सफाई की गई। इसके अलावा अजंता टॉकीज क्षेत्र, वार्ड 17, वार्ड 23 में तेजाजी मंदिर के सामने, सुभाष नगर, शाह नर्सिंग होम के पीछे, कुंजड़ों का वास, लालजी का बाग और केसर पैलेस सहित अन्य क्षेत्रों की नालियों की भी सफाई करवाई गई। इसी दौरान सफाई व्यवस्था के निरीक्षण में लापरवाही भी सामने आई। विभिन्न वार्डों में बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए 49 सफाई संरक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। साथ ही संबंधित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन भी काटा गया। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी नियमित निरीक्षण एवं कार्रवाई जारी रहेगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्टेशन रोड के नाले की सफाई

**रतलाम।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों तथा नदी, नालो, तालाबों, कुंआ, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' संचालित किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद रतलाम द्वारा कमिश्नर नगर निगम अनिल भाना के नेतृत्व में स्टेशन रोड स्थित नाले की सफाई एक दिन एक नाला अभियान के तहत की गई।

## सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर की कार्रवाई

**रतलाम।** शहर के साथ-साथ जिले मे अन्य नगरों मे भी संचालित कंपोजिट मदिरा दुकानों के आसपास खड़े होकर शराब पीने एवं गंदगी फैलाने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के अंतर्गत रतलाम शहर की शराब दुकानों - महू बस स्टेण्ड, शहर शराय, सज्जन मिल, बड़बड़, साला खेड़ी, पावर हाउस, स्टेशन रोड दुकानों एवं जावरा, सैलाना, नामली, आलोट' नगरों में भी शराब दुकानों पर सघन चेकिंग की गई तथा दुकान के आसपास रोड पर एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई । रतलाम शहर में 4, जावरा में 2, परगना में 3, सैलाना में 3, आलोट में 2 कुल 14 प्रकरण' मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किए गए। सहायक आयुक्त डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा जिले में नियमित रूप से सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है तथा उनके विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किए जा रहे हैं।

# महिला शक्ति बनी प्रेरणा : नेत्रदान से दो लोगों को मिली आंखों की रोशनी



**रतलाम।** 'मृत्यु अंत नहीं, बल्कि किसी और के जीवन की नई शुरुआत है'—इस संदेश को साकार करते हुए पोस्ट ऑफिस रोड निवासी स्व. भगीरथ गोराणा की धर्मपत्नी श्रीमती ग्यारसी बाई गोराणा के निधन के पश्चात उनके परिजनों ने नेत्रदान कर मानवता की प्रेरणादायक मिसाल पेश की।

इस पुण्य कार्य के पीछे महिला शक्ति की विशेष भूमिका रही। नेत्रम महिला विंग की प्रमुख राखी व्यास के नेतृत्व में अंजु सोनी, शिवांगिनी तवर, अनिता सोलंकी एवं सुशील मीनू माथुर रौनक कुमावत, चिराग असरानी ने परिवारजनों को नेत्रदान के महत्व के बारे में संवेदनशीलता और समर्पण के साथ समझाया। महिलाओं की इस पहल और प्रेरणा से प्रभावित होकर परिजनों—सत्यनारायण गोराणा एवं राजेन्द्र गोराणा—ने सहर्ष नेत्रदान की अनुमति प्रदान की।

नेत्रम संस्था के हेमन्त मूणत ने बताया कि सूचना मिलते ही गीता भवन न्यास, बड़नगर के डॉ. जी. एल. ददरवाल, उमाशंकर मेहता ने परमानंद राठौड़ के सहयोग से नेत्र संरक्षण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की, जिससे दो नेत्रहीनों को नई रोशनी मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस दौरान हेमन्त मूणत, ओमप्रकाश अग्रवाल, शलभ अग्रवाल,सुशील मीनु माथुर, हार्दिक मेहता, विजय जोशी, प्रवीण पाटीदार, रौनक कुमावत एवं चिराग असरानी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नेत्रम संस्था एवं गीता भवन न्यास, बड़नगर द्वारा परोपकारी परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह प्रेरणादायक पहल न केवल मानवता का संदेश देती है, बल्कि समाज में महिलाओं की संवेदनशीलता, नेतृत्व और जागरूकता की महत्वपूर्ण भूमिका को भी उजागर करती है।

# परशुराम के वास्तविक उत्तराधिकारी और चाणक्य की बुद्धि के वारिस थे बाजीराव पेशवा : डॉ . चांदनीवाला

- मप्र परशुराम कल्याण बोर्ड ने बाजीराव की पुण्यतिथि पर किया व्याख्यान का आयोजन



**रतलाम।** बाजीराव पेशवा परशुराम के वास्तविक उत्तराधिकारी, चाणक्य की बुद्धि के वारिस थे। द्रोणाचार्य की व्यूह रचना को सीधे तौर पर अंगीकार करने वाले योद्धा भी बाजीराव ही थे। उन्हें शिवाजी द्वितीय भी कहा जाता है। वे शिवाजी को अपना गुरु मान कर जीवन भर उनके पदचिह्नों पर चले। उन्होंने मात्र 20 वर्ष की आयु में 41 प्रमुख युद्ध लड़े और सभी में अपराजेय रहे। उनका नाम विश्व में सर्वाधिक युद्ध लड़ने वाले और अपराजेय रहे योद्धाओं में सबसे ऊपर आता है।

यह बात साहित्यकार एवं वेदों के अनुवादक डॉ. मुरलीधर चांदनावाला ने कही। वे बाजीराव पेशवा की पुण्यतिथि पर मप्र परशुराम कल्याण बोर्ड द्वारा सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यान दे रहे थे। महज 39 वर्ष की आयु में ही तत्कालीन 70 प्रतिशत भारत पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया था फिर भी वे कभी राजगद्दी पर नहीं बैठे। वे बहुत अच्छे घुड़सवार और तलवारबाज थे। चलते-चलते रणनीति बना लेते थे, अपनी शर्तों पर मनोवैज्ञानिक युद्ध लड़ते थे। उन्होंने कभी किसी को मौका ही नहीं दिया कि वह अपने आयुद्ध भंडार का उपयोग कर सके।बाजीराव कहते थे कि पहले अपने मन में युद्ध जीतना पड़ता है और उसके बाद मैदान में। मन में हारा व्यक्ति मैदान में नहीं जीत सकता। होल्कर, पंवार, सिंधिया, गायकवाड़ घरानों की स्थापना भी उन्हीं की देन है। 1700 में जन्मे बाजीराव का निधन 28 अप्रैल, 1740 को निमाड़ क्षेत्र के खरगोन के बेड़िया गांव के पास नर्मदा तट पर रावेरखेड़ी में हुआ।

**नविनियुक्त पदाधिकारियों का किया अभिनंदन**

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डॉ. चांदनीवाला, मप्र परशुराम कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त उज्जैन संभाग प्रभारी अनुराग लोखंडे, रतलाम जिला प्रभारी अजय तिवारी, विधि प्रमुख एवं रतलाम अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा तथा जिला प्रचार प्रमुख नीरज कुमार शुक्ला का पुष्पमाला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। स्वागत बोर्ड के सुशील कुमार दुबे, मिथिलेश मिश्रा, प्रभाकांत उपध्याय एवं हेमंत तिवारी सहित अन्य ने किया। ब्रह्मन महाराष्ट्र परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य बनाए जाने पर सामाजिक कार्यकर्ता मिलिंद करंदीकर का अभिनंदन भी किया गया। तत्पश्चात संभाग अध्यक्ष लोखंडे ने भी संबोधित किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण का आह्वान भी किया।

**ये उपस्थित रहे**

संचालन जिला प्रचार प्रमुख पत्रकार नीरज कुमार शुक्ला ने किया। आभार विधि प्रमुख राकेश शर्मा ने व्यक्त किया। व्याख्यान में प्रतिभा चांदनीवाला, डॉ. गीता दुबे, ओमप्रकाश मिश्र, सुरेश चंद्र करमरकर, विनय मोघे, महेश लोखंडे, संजय लोणकर, सूर्यकान्त उपाध्याय, छोटूभाई, बालकदास बैरागी, महेश शर्मा, सतीश राठौर, अजय शर्मा, नरेंद्र त्रिवेदी, अरविंद मिश्रा, कुंदन वर्मा आदि उपस्थित रहे।



# नपा में रामेश्वर नीखरा का किया स्वागत

**जावरा।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव के सिलसिले में बुधवार को कांग्रेस के भूतपूर्व नेता व वरिष्ठ अधिवक्ता मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा जनसंपर्क के बाद नगर पालिका आने पर उनका स्वागत किया गया।

अपने स्वागत के प्रति उत्तर में नीखरा ने कहा कि जावरा को मैं कभी भी भूल नहीं सकता। जावरा वालों ने सन 1976 मे जो स्नेह व सम्मान दिया वह ऐतिहासिक दिन मुझे आज भी याद है। कांग्रेस के पूर्व नेता माणकलाल कोचट्टा, भारत सिंह, झमकलाल खारीवाल, एहमद कडपा के साथ बिताए वह समय हमेशा मेरी स्मृति में है। आज उनकी विरासत को अध्यक्ष अनम मोहम्मद युसूफ कडपा, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, सभापति मोहम्मद मुस्तकीम मंसुरी, लोकेश विजवा संभल रहे है। इस मौके पर विनोद ओरा, अभय सुराणा, नंदकिशोर राठौर, हरीश निंबे के साथ ही रतलाम से आपके साथ आए अधिवक्ता सतीश पुरोहित, जावरा बार एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश धाकड, वरिष्ठ अभिभाषक समरथमल सुराणा, श्रीवास्तव जैन, समय श्रोत्रीय आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विनोद ओरा ने किया, आभार प्रदर्शन मुस्तकीम मंसूरी ने माना।

**एक नजर में** — पुलिस अधीक्षक की नई पहल से बढ़ेगा मनोबल, कानून व्यवस्था से लेकर अपराध खुलासे तक सराहनीय योगदान

# अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मी बने मिसाल, 9 को मिला सम्मान



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** एसपी अमित कुमार की अभिनव पहल के तहत जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने की नई परंपरा शुरू की गई है। साप्ताहिक समीक्षा के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है, जिससे पुलिस बल में बेहतर कार्य संस्कृति विकसित हो सके।

इसी क्रम में बुधवार को एसपी ऑफिस में एक कार्यक्रम में एसपी अमित कुमार द्वारा गत सप्ताह उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 पुलिस कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक आनंद सोनी ने भी सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आगे और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सम्मानित कर्मचारियों में थाना स्टेशन रोड के प्र आर मुकेश सिंह चौहान को कानून व्यवस्था बनाए रखने, थाना माणकचौक के आर हेमंत यादव को चोरी के प्रकरण के खुलासे, यातायात थाना के प्र आर गोपाल अटोलिया को यातायात प्रबंधन, जावरा शहर के आर सुरेंद्र सिंह को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण, चंदरसिंह मार्को को जिलाबदर फाइल तैयार करने, डीडी नगर के आर सुनील राठौर को रिकॉर्ड संधारण, औद्योगिक क्षेत्र जावरा के आर बालकृष्ण पाटीदार को एमडी ड्रग्स फैक्ट्री के भंडाफोड़, थाना ताल के आर प्रीतम लोहार को अपहृत बालक की सुरक्षित बरामदगी तथा चौकी ढोढर के आर शोभाराम शर्मा को अवैध हथियार के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी में सराहनीय भूमिका के लिए सम्मानित किया गया।

**सकारात्मक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी**

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस पहल से पुलिस बल में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और कर्मचारियों का मनोबल मजबूत होगा। रतलाम पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के सम्मान कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।